संख्या–167/81–2–2021–911/1992

प्रेषक,

आशीष तिवारी,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0 लखनऊ।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग–2 लखनऊ, दिनांक 05 फरवरी, 2021

विषय– जनपद सोनभद्र के रेनुकूट वन प्रभाग के अंतर्गत मै0 रेणुसागर पावर कम्पनी को ऐश डिस्पोजल यार्ड के निर्माण हेतु 10 वर्षो की लीज (दिनांक 21.06.2019 से 20.06.2029 तक) के लिए दी गयी 61.2348 हे0 वनभूमि के लीज नवीनीकरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक–1792/11–सी–एफपी/यूपी/IND/39403/2019, दिनांक 22.01.2021 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया विषयगत प्रकरण में लीज अवधि 2009 से 2019 तक की अवधि से सम्बन्धित वित्तीय हानि के सम्बन्ध में अपनी सुस्पष्ट संस्तुति सहित आख्या शासन को एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(आशीष तिवारी)
विशेष सचिव।

**कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।**

**पत्रांक– 1929 /11–सी–FP/UP/IND/39403/2019, लखनऊ, दिनॉकः फरवरी 05 , 2021**

प्रतिलिपिः– मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर को इस आशय से प्रेषित कि विषयगत प्रकरण में उ0प्र0 शासन द्वारा वांछित सूचना/सुस्पष्ट आख्या एवं उससे सम्बन्धित अभिलेख तीन प्रतियों में संस्तुति सहित प्रेषित करने का कष्ट करें।

प्रतिलिपिः– प्रभागीय वनाधिकारी, रेनुकूट वन प्रभाग, रेनुकूट को इस आशय से प्रेषित कि विषयगत प्रकरण में उ0प्र0 शासन द्वारा वांछित सूचना/सुस्पष्ट आख्या एवं उससे सम्बन्धित अभिलेख इस कार्यालय को मुख्य वन संरक्षक के माध्यम से तीन प्रतियों में संस्तुति के साथ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

प्रतिलिपि– श्री विवेक कुमार, हेड लीगल, मे0 हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लि0, रेनुकूट को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(अनुपम गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।